# जागृति

वर्ष:62 अंक-6 मुम्बई मई 2018




## एक और मील का पत्थर: आयोग द्वारा स्टोर-लोकेटर मोबाइल ऐप का लोकार्पण

## सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय एसएमई सम्मेलन-2018 आयोजित






खादी और ग्रामोद्योग आयोग की
औद्योगिकीकरण विषयक मासिक पत्रिका

वर्ष 62 अंक-6 मुंबई मई 2018

# जागृति

खादी और ग्रामोद्योग आयोग की औद्योगिकीकरण विषयक मासिक पत्रिका

सम्पादकीय मण्डल

**अध्यक्ष**
श्रीमती प्रीता वर्मा

**संपादक**
के. एस. राव

**उप संपादक**
सुबोध कुमार

**वरिष्ठ हिंदी अनुवादक**
सरस्वती खनका

**वरिष्ठ कलाकार**
संजय एस. सोमदे

**कलाकार**
दिलीप पालकर
सी.एच.पुनवटकर

प्रचार, फ़िल्म एवं लोक शिक्षण
कार्यक्रम निदेशालय द्वारा
खादी और ग्रामोद्योग आयोग,
ग्रामोदय, 3 इर्ला रोड,
विले पार्ले (पश्चिम), मुंबई -400056
के लिए प्रकाशित
ईमेल: jagritikvic@gmail.com
वेबसाइट: www.kvic.org.in

आवश्यक नहीं कि पत्रिका में प्रकाशित लेखों तथा विचारों से खादी और ग्रामोद्योग आयोग अथवा संपादक सहमत हो.

## इस अंक में

**समाचार सार ......... 3 से 22**

एक और मील का पत्थर:आयोग द्वारा स्टोर-लोकेटर मोबाइल ऐप..........
अंतर्राष्ट्रीय एसएमई सम्मलेन 2018 में विदेशी प्रतिनिधियों का स्वागत....
'सीमाओं से आगे-खादी'..........................................................
एमएसएमई मंत्री द्वारा बेगूसराय में खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का...........
एम.एस.एम.ई. मंत्री द्वारा सिक्किम में सूक्ष्म, लघु और मध्यम................
रेमंड ने औपचारिक रूप से... रेमंड खादी श्रृंखला लॉन्च.......................
केआरडीपी के तहत चरखा वितरण कार्यक्रम.................................
फैशन का नया युग - वैश्विक स्तर पर खादी और रेशम को बढ़ावा ............
सिक्किम में मधुमक्खीपालकों की बैठक .........................................
चंपारण शताब्दी समारोह:बिहार में स्टील चरखे का अनावरण .............
अध्यक्ष द्वारा अ.जा./अ.ज.जा. के लाभार्थियों को मधुमक्खी बक्से ...........
आयोग की मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा लखनऊ में पुनर्निर्मित..........
खादी निर्माण और महिला व्यवसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम....................
प्रसन्नता और भावनात्मक आरोग्यता पर जागरूकता कार्यक्रम...............
आयोग मुख्यालय में प्रेस इन्फोर्मेशन ब्यूरो, पश्चिम क्षेत्र की टीम .............
संयुक्त सचिव, एमएसएमई द्वारा खंजरपुर में खादी संस्था का दौरा .........
खनिज आधारित उद्योग के तहत पारंपरिक कुम्हारों के लिए .................
स्कूली बच्चों को मुफ्त यूनिफार्म .................................................

**सफलता की कहानी .........23 से 25**

मलता गाडगिल:एक पीएमईजीपी उद्यमी -फैशन के लिए वस्त्र बनाना उनका जुनून

**प्रेस विज्ञप्ति ...............26**

**प्रेस कवरेज .........27 से 33**

# एक और मील का पत्थरः
# आयोग द्वारा स्टोर-लोकेटर मोबाइल ऐप का लोकार्पण




**नई दिल्ली: केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने 06.04.2018 को जोश और उत्साह के बीच, विज्ञान भवन में राष्ट्रीय खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड की नौवीं बैठक से पूर्व खादी और ग्रामोद्योग भवनों के लिए बहुप्रतीक्षित मोबाइल ऐप लॉन्च किया।**




यह ऐप खादी इंडिया के 4000 से ज्यादा आउटलेट्स को परस्पर जोड़े रखेगा और उपभोक्ताओं उनके मोबाइल फोन पर एक क्लिक में संबंधित आउटलेट्स में उत्पादों की उपलब्धता व स्थान पर विस्तृत जानकारी प्रदान करेगा।

इस मोबाइल ऐप को लॉन्च करने के दौरान माननीय मंत्री ने कहा कि खादी के माध्यम से भारत में आर्थिक परिवर्तन लाने के लिए हमारे प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विजन को पूरा करने के लिए खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने इस मोबाइल एप्लिकेशन को विकसित कर एक सराहनीय कार्य किया है। इससे भारत में खादी के उपयोगकर्ताओं की संख्या में निश्चित रूप से वृद्धि होगी।

इस अवसर पर, खादी और ग्रामोद्योग आयोग के माननीय अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने अपने संबोधन में कहा कि इस मोबाइल ऐप के लॉन्च के साथ, आयोग ने 'डिजिटल इंडिया' के रास्ते पर एक और छलांग लगाई है। "यह केवल पूरे देश में खादी इंडिया के स्टोर के सटीक स्थान ही नहीं, बल्कि उन्हें यहां उपलब्ध उत्पादों

(शेष...पृष्ठ 5 पर)

# अंतर्राष्ट्रीय एसएमई सम्मेलन 2018 में विदेशी प्रतिनिधियों का स्वागत




**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गिरिराज सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय एसएमई सम्मेलन 2018 में उपस्थित विदेशी प्रतिनिधियों का होटल क्राउन प्लाजा, नई दिल्ली में स्वागत किया।**

पहला अंतर्राष्ट्रीय एसएमई (लघु, मध्यम उद्यम) सम्मेलन 22 अप्रैल से 24 अप्रैल, 2018 तक नई दिल्ली में आयोजित किया गया। यह सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया था। इसका उद्देश्य उद्यमियों को विचारों के आदान-प्रदान हेतु मुक्त निष्पक्ष व्यापार चर्चाओं, आपसी अवसरों और उन्हें संबोधित करने के तरीकों के आदान-प्रदान की अनुमति देने के लिए मंच प्रदान करना था। यह कार्यक्रम बहुत से प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय




एसएमई संगठनों के सहयोग से दुनिया भर में चलाया जा रहा है ।

अंतर्राष्ट्रीय लघु और मध्यम उद्यम सम्मेलन में भारत के 400 से अधिक उद्यमियों और लगभग 31 देशों के 150 प्रतिभागियों की मेजबानी की जाएगी । सभी राज्यों को भी सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है ताकि वे अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को अपनी सुविधाए देने और उन्हें अपनी संबंधित औद्योगिक नीतियों के बारे में जानकारी देने के लिए आमंत्रित कर सकें।

अंतर्राष्ट्रीय लघु और मध्यम उद्यम सम्मलेन 2018, अंतर्राष्ट्रीय उद्यमियों और भारत के चुनिंदा उद्यमियों के बीच गहन व्यापार चर्चा, व्यापार सहयोग के लिए एक पूर्ण मंच है । भारतीय एसएमई फोरम के शीर्ष 10,000 एसएमई कार्यक्रमों में से सर्वश्रेष्ठ भारतीय एसएमई कार्यक्रम एक है जो अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों के साथ अभिनव / उच्च प्रौद्योगिकी उत्पादों और सेवाओं के साथ, भागीदारों या भारतीय बाजारों में प्रवेश करने वाले लोगों को ढूंढने में रुचि रखते हैं, इस सम्मेलन में भाग ले रहे हैं । इस सम्मेलन में माननीय प्रधान मंत्री के 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम में सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को शामिल करने और महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने पर विशिष्ट ध्यान दिया गया है।

एमएसएमई मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने कहा कि




यह कन्वेंशन भारतीय लघु उद्योगों को अंतरराष्ट्रीय बाजार और कारोबार से जोड़ने में मददगार होगा और इसके जरिए देश में चौथी औद्योगिक क्रांति का रास्ता खुलेगा। सरकार ने इस सेक्टर के लिए सुगम कारोबार के कई उपाय किए हैं, जिसमें त्वरित रजिस्ट्रेशन भी एक है। एमएसएमई सचिव श्री अरुण पांडा ने कहा कि सरकार छोटे उद्योगों खासकर स्टार्टअप्स की ग्लोबल पहुंच को बढ़ावा देने के कई उपायों पर काम कर रही है। एक्सपोर्ट इंपोर्ट बैंक जैसी ग्लोबल संस्थाओं के साथ उनके जुड़ाव को भी मजबूत किया जा रहा है।

मंत्रालय ने 35 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विकास संगठनों को सक्षम और इच्छुक उद्यमियों को आकर्षित करने और आमंत्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया है और लोगों को अंतर्राष्ट्रीय समकक्षों के प्रमुख क्षेत्रों से चयनित भारतीय उद्यमियों के साथ लोगों से संपर्क करने के लिए प्रोत्साहित किया है।

सम्मलेन में भाग लेने वाले प्रमुख देशों में ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, बहरीन, कैमरून, फ्रांस, घाना, गिनी, हंगरी, इंडोनेशिया, इटली, केन्या, कोरिया, मलावी, मलेशिया, मॉरीशस, मोरक्को, नाइजीरिया, फिलीपींस, पोलैंड, आरडी कांगो, कोट डी'आईवोयर गणराज्य, रूस, सैनमेरिनो, सेनेगल, स्पेन, श्रीलंका, दक्षिण अफ्रीका, ट्यूनीशिया, संयुक्त अरब अमीरात, युगांडा, उजबेकिस्तान आदि शामिल थे। सम्मेलन में निम्न क्षेत्रों जैसे कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, अल्कोहल पेय पदार्थ, फल पेय पदार्थ, आभूषण, हेल्थकेयर - आईटी, गोला बारूद, सामरिक रक्षा प्रशिक्षण, कोयला, शिक्षा, सैन्य तंत्र, बिटकोइन, डिजिटल मनोरंजन, अपशिष्ट प्रबंधन, ऊर्जा, डेयरी उत्पाद, बीज और उर्वरक आदि पर ध्यान केन्द्रित किया गया।

इस सम्मेलन में एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार,एनएसआईसी, इण्डिया एसएमई फोरम, खादी इण्डिया, भारत सरकार, एसएमई बॉट, एमएसएमई, केवीआईसी, एसएमई, ओखला, खादी, कायर और क्राउन प्लाजा आदि ने भाग लिया। ⌘⌘

(पृष्ठ 3..... से आगे)

**आयोग द्वारा स्टोर-लोकेटर मोबाइल ऐप का लोकार्पण.............................**




का विवरण भी प्रदान करेगा। अब उपभोक्ता अपने मोबाइल फ़ोन पर एक ही क्लिक के माध्यम से अपनी बहुमूल्य प्रतिक्रिया भी हमें भेज सकेंगे। "उन्होंने कहा कि, इस ऐप ने अब तक देश भर में 8058 आउटलेटों में से 4000 खादी इंडिया आउटलेट्स को शामिल किया है और अंत में इस महीने के बाकी आउटलेट्स भी इस ऐप से जुड़ेंगे।

# दिल्ली में 36 अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों के समक्ष खादी फैशन शो

## 'सीमाओं से आगे -खादी'

'खादी-ट्रांसेडिंग बोंडरीज'









नई दिल्लीः एनएसआईसी ग्राउंड(मैदान), नई दिल्ली में आयोजित "इंटरनेशनल एसएमई कन्वेंशन -2018" में खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के तत्त्वाधान में 'खादी-ट्रांसेडिंग बोंडरीज' नामक शो का आयोजन किया गया, इस शो में भारत के अग्रणी डिजाइनर रोहित बाल, अंजू मोदी, पायल जैन और पूनम भगत ने खादी वस्त्रों को विभिन्न डिजाइनों और रंगों जैसे सफेद, काले, इंडिगो, हरे और केसरी रंगों में आधुनिक रूप में प्रदर्शित कर शो में उपस्थित मेहमानों को मंत्रमुग्ध कर दिया।







सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) ने इस "इंटरनेशनल एसएमई कन्वेंशन -2018" का आयोजन किया, जिसमें 36 देशों के प्रतिनिधियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।




"खादी के लिए इससे बेहतर और क्या हो सकता है?, जब एसएमई अंतरराष्ट्रीय निकायों के प्रतिनिधियों ने पूरा शो को देखा और बाद में इस शो की तन्मयता से सराहना की। खादी आने वाले दिनों में नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए तैयार है और हम इसे दुनिया का सबसे लोकप्रिय वस्त्र बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगे।"

केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री श्री गिरिराज सिंह, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे, उन्होंने इस अवसर पर कहा, सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के लिए यह एक गर्व का विषय है कि खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने इस तरह के एक अनूठे शो का आयोजन किया है। उन्होंने आगे कहा कि "वास्तव में हमने "प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विजन-'खादी फॉर नेशन', 'खादी फॉर फैशन' और 'खादी फॉर ट्रांसफॉर्मेशन' का अनुपालन करते हुए खादी को गांवों से वैश्विक स्तर पर लाया है।"

इसी तरह के विचारों को प्रतिबिंबित करते हुए, खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि यह पारंपरिक एवं सांस्कृतिक वस्त्र-खादी का सबसे बड़ा एक्सपोजर (अनावरण) था, जिसने यहाँ पर 36 देशों के प्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित किया और उन सभी से भूरि-भूरि प्रशंसा प्राप्त की। उन्होंने कहा,




इस भव्य खादी फैशन शो में अन्य प्रमुख राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय व्यक्तियों में शामिल थे- केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री श्री मुख्तार अब्बास नकवी, लोकसभा सांसद सुश्री मीनाक्षी लेखी, लघु और मध्यम उद्यमों के विश्व संघ के अध्यक्ष श्री जीन फ्रैंको टेरेन्ज़ी, अफ्रीका एसएमई फोरम के अध्यक्ष श्री डोगड डोगौई,

(शेष...पृष्ठ 10 पर)






# एमएसएमई मंत्री द्वारा बेगूसराय में खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का उद्घाटन




**केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने बेगूसराय में 31 मार्च 2018 को खादी और ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए कहा कि "बेगूसराय के आसपास क्षेत्र में ग्रामोद्योगों के तहत आसीम संभावनाएं हैं। इसलिए अगले वित्तीय वर्ष के दौरान बेगूसराय के सिमरिया गांव में खादी और ग्रामोद्योग इकाई स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार पांच करोड़ महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का इरादा रखती है।**

यह पहली बार है कि इस क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है, जहां न केवल बिहार की संस्थाओं ने, बल्कि झारखंड, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों की संस्थाओं ने भी अपनी गुणवत्ता और विशेष उत्पादों के साथ भाग लिया है।

प्रदर्शनी में विभिन्न घरेलू गतिविधियों की लाइव डेमो जैसे परंपरागत तरीके से सत्तु पीसने वाली महिलाएं, सौर चरखा की प्रदर्शनी, मधुबनी पेंटिंग बनाने वाले कलाकारों को देखा जा सकता था।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए श्री भाला सिंह, सांसद, बेगूसराय ने कहा कि खादी देश की स्वतंत्रता का वस्त्र है और हमारी संस्कृति का प्रतीक है। इसलिए यहाँ तेज़ी से खादी गतिविधियां कार्यान्वित की जानी चाहिए।

आयोग की सदस्य, पूर्व क्षेत्र डॉ. संगीता कुमारी ने इस अवसर पर आयोग की योजनाओं और कार्यक्रमों जैसे खादी सुधार विकास कार्यक्रम, स्फूर्ति, आईसेक आदि पर प्रकाश डाला जो विशेष रूप से कारीगरों के कल्याण के लिए तैयार की गयी हैं।

आयोग के राज्य निदेशक, पटना श्री एस. के. गुप्ता, उप महापौर श्री राजीव रंजन और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

अंत में, श्रीमान उपेंद्र सिंह, महापौर, बेगूसराय ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। ⌘⌘

**केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने आरईसीएल-केवीआईसी परियोजना, शिवपुर के तहत सौर चरखा व ई-रिक्शा का वितरण किया तथा मानव बाल संग्रह का शुभारम्भ किया। मंत्री महोदय ने हरित खादी प्रशिक्षण केंद्र का भी दौरा किया।**





# एम.एस.एम.ई. मंत्री द्वारा सिक्किम में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम इकाइयों का दौरा

**गंगटोक: केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने 26 अप्रैल, 2018 को गंगटोक में और आसपास स्थित कई सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम इकाइयों का दौरा किया । उन्होंने स्यारी में एक बेकरी इकाई, लोअर बुर्टुक में ड्राई-क्लीनिंग और पैक किए गए (पैकेज्ड) पेयजल संयंत्र का दौरा किया । इकाइयों का दौरा करते हुए सिंह ने कहा कि केंद्रीय मंत्रालय प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के तहत एक नई योजना शुरू करने जा रहा है ।**

प्रौद्योगिकी उन्नयन हेतु यह योजना जहां एमएसएमई को 1 करोड़ रुपये ऋण के रूप में प्रदान करेगी और उसमें 15 लाख रुपये सब्सिडी होगी, उन्होंने उद्यमियों से आने वाले दिनों में इस योजना का लाभ उठाने का आग्रह किया।

लोअर बुर्टुक स्थित पेयजल संयंत्र के सम्बन्ध में बातचीत करते समय श्री सिंह ने प्रीमियम पानी के लिए जरुरी सुझाव दिए ताकि वह निकट भविष्य में स्थानीय और राष्ट्रीय बाजार पर कब्जा जमा सके। उन्होंने कहा, "प्रीमियम पानी का मतलब पुदीना और तुलसी का स्वाद और सुगंध से है। आजकल लोग स्वास्थ्य के बारे में अधिक जागरूक हैं और इसका दायरा बड़ा है। श्री सिंह ने यूनिट से अपने कर्मचारियों को प्रीमियम पानी के लिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के तहत सुगंध और स्वाद विकास केंद्र (एफएफडीसी), कन्नौज में प्रशिक्षण हेतु भेजने के लिए कहा।

मंत्री महोदय ने आईसीएआर-कॉम्प्लेक्स, पक्योंग में मुख्य अतिथि के रूप में महिला सशक्तिकरण विकास पर एक सेन्सिटाईजेशन (संवेदीकरण) कार्यक्रम में भी भाग लिया। पक्योंग के ऑर्किड उत्पादकों और स्व सहायता समूहों को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा, "मैं किसानों का समर्थन करने के लिए इस क्षेत्र में और कृषि संस्थानों में कृषि समूह (एग्रो-क्लस्टर) विकसित करना चाहता हूं । कृषि संस्थाओं को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में ऑर्किड के विपणन करने हेतु किसानों के लिए मंच प्रदान करना चाहिए।"

उन्होंने आई.सी.ए.आर. और कृषि कॉलेज ऑफ रानीपुल को मान्यता प्राप्त मंच स्थापित करने का निर्देश दिया जोकि किसानों को लाभान्वित करेगा और सार्वजनिक निजी साझेदारी मोड पर नर्सरी के विकास के लिए सुझाव देगा। श्री सिंह ने आश्वासन दिया कि उनका प्रभारी मंत्रालय, किसानों के कल्याण हेतु हर संभव सहायता और समर्थन प्रदान करेगा।

तत्पश्चात, मंत्री सिंह ने यहां चिंतन भवन में आयोजित सिक्किम उद्यमी बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में वाणिज्य और उद्योग सचिव श्री अरविंद कुमार, विभिन्न

विभागों के प्रमुख और अधिकारी, टेमी टी-एस्टेट के प्रबंध निदेशक मृणालिनी श्रीवास्तव, बैंकों के प्रतिनिधियों और सिक्किम के युवा उद्यमियों ने भाग लिया। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई), ताडोंग ने भी एक उद्यमी बैठक का आयोजन किया।

बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कई वर्षों से सिक्किम के युवा उद्यमियों द्वारा किए गए विकास की सराहना की और उन्होंने, उनसे इस उत्साह को जारी रखने का आग्रह किया।

"सिक्किम उत्पादों में इतनी व्यापक आसीम संभावनाएं हैं क्योंकि सिक्किम ने पहले से ही अपने ब्रांड को कार्बनिक बना दिया है। इसलिए युवा उद्यमियों को इसे जैविक उत्पादों के रूप में लेबल करके इसका लाभ उठाना चाहिए। जैविक उत्पादों के अलावा, ई-उद्यमी प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत सिक्किम में बांस उद्योग की स्थापना कर सकते हैं।"

श्री सिंह ने सिक्किम के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों पर पहला डाटा बैंक बुक का भी लोकार्पण किया और कहा कि यह डाटा बुक आने वाले दिनों में राज्य और मंत्रालय की मदद करेगा और आगे प्रत्येक राज्य में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) डाटा बैंक बुक तैयार करने के लिए इस बुक का संदर्भ लिया जाएगा।

⌘⌘



केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने 30 मई, 2018 को खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा वित्तपोषित समस्तीपुर अनुमंदलिया खादी ग्रामोद्योग समिति का दौरा किया।

**(पृष्ठ 7..... से आगे)**

## 'सीमाओं से आगे-खादी'.........



घाना इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष श्री येव अड्डू ग्यम्फी, एड गुरु श्री प्रहलाद काक्कर, सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम सचिव डॉ. अरुण कुमार पांडा और खादी और ग्रामोद्योग आयोग की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती प्रीता वर्मा।

यहां, यह ध्यान दिया जाय कि 14 अप्रैल को, भारत में इंडोनेशियाई दूतावास में खादी फैशन शो आयोजित किया गया था, जिसमें रीना ढाका, चारू पराशर और वरुण भाल जैसे प्रमुख भारतीय डिजाइनरों ने अपने खादी संग्रह प्रदर्शित किए थे । इसी प्रकार, दो दिवसीय भारत-दक्षिण अफ्रीका व्यापार शिखर सम्मेलन के समापन सत्र के दौरान, 30 अप्रैल को जोहान्सबर्ग में सैंडटन कन्वेंशन सेंटर में - आधुनिक शैली में खादी को प्रोजेक्ट करने के उद्देश्य से फैशन डिजाइनर गविन राजाह 20 मिनट के टेक्सटाइल कार्यक्रम को कोरियोग्राफ करेंगे, जो नेल्सन मंडेला के जन्म शताब्दी के साथ महात्मा गांधी के साथ पिटमैरिट्ज़बर्ग ट्रेन घटना के 125 वर्षों के स्मरण को 'महात्मा और मदिबा की श्रद्धांजलि' कार्यक्रम के रूप में मनाया जा रहा है।

फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया (एफडीसीआई) के अध्यक्ष श्री सुनील सेठी ने इस शो का सृजन किया।

⌘⌘



## रेमंड ने औपचारिक रूप से अपने गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में एक भव्य फैशन शो आयोजित कर खुदरा बाज़ार में रेमंड खादी श्रृंखला लॉन्च की।









# केआरडीपी के तहत चरखा वितरण कार्यक्रम






**अलीगढ़: खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा खादी संस्थाओं के समन्वय में 12 अप्रैल 2018 को अलीगढ़ जिले के चाररा में खादी सुधार एवं विकास कार्यक्रम (केआरडीपी) के तहत एक चरखा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

इस कार्यक्रम में 350 नए मॉडल 8 स्पिंडल चरखे महिला कत्तिनों को वितरित किये गए। आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर श्री राजेश कुमार दिवाकर, सांसद, हठ्रास; श्री सतीश कुमार गौतम, सांसद, अलीगढ़; विधायक, चररा, निर्वाचन क्षेत्र; श्री जय प्रकाश तोमर, सदस्य मध्य क्षेत्र, ख.ग्रा.आ.; चार जनपदों के जिला कलेक्टर और मुख्य विकास अधिकारी उपस्थित थे।

अपने संबोधन में, आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि गांधीजी ने जोर देकर कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था, औद्योगिक अर्थव्यवस्था से अलग है और राष्ट्र की प्रगति गांवों की प्रगति पर निर्भर करती है। उनका मानना था कि बेरोजगारी की समस्या को दूर करने के लिए भारत में खादी और गांव में ग्रामीण उद्योगों का विकास आवश्यक है। मेरे विचार में, खादी ग्रामोद्योग-राष्ट्र की आत्मा और भारत का दिल है।

महात्मा गांधी के आदर्शों और सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए खादी और ग्रामोद्योग आयोग, खादी और ग्रामोद्योग-आधारित गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीण इलाकों में सबसे गरीब व्यक्ति को रोजगार के अवसर प्रदान कर रहे हैं।

इस अवसर पर बोलते हुए आयोग के सदस्य, मध्य क्षेत्र श्री जय प्रकाश तोमर ने आयोग की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों जैसे हनी मिशन, प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के सफलतापूर्वक कार्यान्वयन के बारे में जानकारी प्रदान की।

उन्होंने कहा कि केवीआईसी, हनी मिशन के तहत पूरे देश में मधुमक्खी बक्से वितरित करेगा ताकि किसानों एवं जरूरतमंद और गरीब लोगों के लिए रोज़गार के अवसर उत्पन्न हो सके।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खादी संस्थाओं के कत्तिनों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# फैशन का नया युग - वैश्विक स्तर पर खादी और रेशम को बढ़ावा देना है







**लोकल से ग्लोबल बन रही है-खादी :** इंडोनेशियाई दूतावास में आयोजित एक फैशन फैशन शो, जहाँ अग्रणी भारतीय डिजाइनर-रीना ढाका, चारू पराशर और वरुण भाल ने अपने खादी कलेक्शन को प्रदर्शित किया।




**24 अप्रैल, 2018 को एमएसएमई-डीआई एक्सटेंशन सेंटर कॉम्प्लेक्स, बाल सहयोग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली खादी ग्रामोद्योगी संस्थाओं के प्रतिनिधि के साथ बैठक।**




# सिक्किम में मधुमक्खीपालकों की बैठक



खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष ने 2 अप्रैल, 2018 को सिक्किम के एक सुदूर गांव संुबुक में हनी मिशन के तहत मधुमक्खिपालकों से मुलाकात की। जल्द ही केवीआईसी प्रशिक्षित किसानों को 1000 मधुमक्खी बक्से वितरित करेगा।



## चंपारण शताब्दी समारोह:

# बिहार में स्टील चरखे का अनावरण




**मोतीहारी,बिहार: सत्याग्रह शताब्दी समारोह के तहत - बहुत ही उत्साह और गर्व के साथ केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री श्री राधा मोहन सिंह ने मोतीहारी में गांधी संग्रहालय के सामने चरखा पार्क में 18 फीट लंबे, 5.75 फीट चौड़े और 9 फीट ऊंचे विशाल स्टील चरखे का अनावरण किया।**




खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने इस भव्य उच्च गुणवत्ता वाले स्टील, संक्षारण प्रतिरोधी और गैर-चुंबकीय विशालतम चरखे को स्थापित किया है जो गुजरात में साबरमती आश्रम के पास खादी और ग्रामोद्योग आयोग की इकाई, प्रयोग समिति, अहमदाबाद में बनाया गया है।

श्री सिंह ने अपने उद्घाटन संबोधन में कहा कि यह सत्याग्रह की भूमि के लिए गर्व का विषय है, जहां से मोहनदास करमचंद गांधीजी-हमारे प्यारे 'बापू' ने अपनी यात्रा शुरू की थी, जो अब यह प्रतीक के रुप में हमारे माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी का 'मेक इन इंडिया' मिशन है।

इस अवसर पर खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि चरखा भारत की दो महान संस्कृतियों-देवी सीता और भगवान कृष्ण की भूमि के एक साथ विलय का प्रदर्शन करता है। "जैसाकि महात्मा गांधी स्वयं मानते थे, चरखा हमारे स्वराज और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। चंपारण में यह स्मारक हमारे देश में चरखा के ऐतिहासिक महत्व पर गर्व करेगा और यह आर्थिक रूप से खादी उद्योग से जुड़े कई बुनकरों के जीवन को सशक्त बनाएगा, "उन्होंने आगे कहा, "चंपारण एक प्रशंसनीय शहर है और अंग्रेजों ने इसे अपने व्यापार के लिए पूरी तरह से उपनिवेशित किया था।"



उन्होंने 'चरखा पार्क' के लिए मोतीहारी के पुराने 'बारा बरारपुर बाईपास चौक' को पुनर्निर्मित करने के लिए बिहार में एनडीए सरकार का भी शुक्रिया अदा किया।

यह ध्यान दिया जा सकता है कि खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने पहले ही चंपारण खादी ग्रामोद्योग संघ को 60 आठ-तकुआ न्यू मॉडल चरखा (एनएमसी) प्रदान किए हैं, और इसके अलावा उन 13 गांवों में पांच चरखे और एक करघा वितरित किए - जहां महात्मा गांधी ने 1917 में अपने सत्याग्रह आंदोलन के दौरान यहाँ का दौरा किया था। ⌘⌘






# अध्यक्ष द्वारा अ.जा./अ.ज.जा.के लाभार्थियों को मधुमक्खी बक्से और चरखे का वितरण

**खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने दाहोद में 20 अप्रैल, 2018 को 500 मधुमक्खी बक्से और 46 चरखे वितरित किये। इस अवसर पर शहद मिशन कार्यक्रम की सराहना करते हुए अध्यक्ष महोदय ने कहा कि हनी मिशन की सहायता से पिछले दो वर्षों में किसानों की आय में वृद्धि हुई है।**

अध्यक्ष महोदय ने आगे कहा कि मधुमक्खीपालन न केवल बेशकीमती शहद प्रदान करता है बल्कि अन्य उत्पाद जैसे मधुमक्खी जहर, जैली आदि की भी उच्च कीमतों पर बिक्री की जा सकती है। इसके अतिरिक्त इसके उत्पादन से कृषि क्षेत्र में लगभग 40% की वृद्धि होगी।



बनासकांथा में माननीय प्रधान मंत्री के स्वीट क्रांति के आह्वान का अनुपालन करते हुए, 2016 में बनासकांथा में हनी मिशन की प्रमुख परियोजना शुरू की गई थी। इस परियोजना के तहत पिछले वर्ष 660 मधुमक्खी बक्से वितरित किए गए थे, जिससे लगभग 4280 किलोग्राम शहद का उत्पादन हुआ। इस कार्यक्रम के तहत कुंभेरा में 580 मधुमक्खी बक्से और साबरकांठा में 300 मधुमक्खी बक्से वितरित किये गए।

नीति आयोग ने 114 महत्वाकांक्षी जिलों की घोषणा की है जिसके अंतर्गत गुजरात से नर्मदा और दाहोद जिलों का भी चयन किया गया है। इसी घोषणा के तहत खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना द्वारा दाहोद में 500 मधुमक्खी के बक्से और 46 चरखे वितरित किए गए।

इस अवसर पर आयोग के राज्य निदेशक, गुजरात श्री संजय हडाऊ ने हनी मिशन कार्यक्रम के बारे में



# आयोग की मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा लखनऊ में पुनर्निर्मित खादी इंडिया आउटलेट्स का दौरा




**आयोग की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती प्रीता वर्मा ने लखनऊ के लालबाग स्थित नए पुनर्निर्मित खादी इंडिया शो रूम और लखनऊ क्षेत्र की खादी ग्रामोद्योगी संस्थाओं का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने आयोग के राज्य कार्यालय, लखनऊ में वर्ष 2017-18 के दौरान राज्य में कार्यान्वित की जा रही पीएमईजीपी, स्फूर्ति, खादी और केआरडीपी आदि कार्यक्रमों/योजनाओं के प्रगति की भी समीक्षा की और इसे संतोषजनक पाया।**

खादी कार्यक्रम की समीक्षा करते समय, मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने 2018-19 में 100 नए रोजगार के साथ कम से कम दो संस्थानों को शामिल करने का निर्देश दिया।

नए शोरूम में अपने भ्रमण के दौरान आयोग की मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने इस भवन को संचालित करने वाले प्रमुख संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की।

लखनऊ अपने भ्रमण के दौरान आयोग की मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने श्री गांधी आश्रम, खादी एम्पोरियम और श्री गांधी आश्रम की शहद प्रसंस्करण इकाई और एनएसआईसी / एमएसएमई मंत्रालय की सहायता से समाधन द्वारा चलाए गए वर्चुअल इनक्यूबेशन सेंटर का भी निरीक्षण किया।









# खादी निर्माण और महिला व्यवसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम

आयोग के माननीय विशेषज्ञ सदस्य (टीईटी) डॉ. शीला राय द्वारा राजस्थान वन्यस्तरी विश्वविद्यालय, नन्ही, जिला-टोंक के परिसर में चल रहे अनौपचारिक महिला शिक्षा केंद्र में खादी निर्माण और महिला व्यवसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया गया और महिला शिक्षा केंद्र की निदेशक श्रीमती लाड कंवर के साथ महिला शिक्षा केंद्र में चलाये जा रहे महिला विकास कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श किया।

इस अवसर पर आयोग के उप निदेशक, राज्य कार्यालय, जयपुर श्री कुंज बिहारी और उपायुक्त, जयपुर श्री नंदलाल त्रिपाठी भी मौजूद हैं।

⌘⌘




आयोग के सदस्य, दक्षिण क्षेत्र श्री जी. चंद्रमौली ने आईबीएस हैदराबाद में आयोग के वरिष्ठ कार्यकारियों के लिए 3 दिवसीय प्रबंधन विकास कार्यक्रम (एमडीपी) का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में आयोग के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एस.एन. शुक्ला ने भी भाग लिया।





आयोग की माननीय विशेषज्ञ सदस्य (टीईटी) डॉ. शीला राय ने जैसलमेर में खादी संस्थाओं का दौरा किया और आयोग के बाड़मेर स्थित क्षेत्रीय सीमा विकास कार्यालय के तहत चलायी जा रही विभागीय गतिविधियों का निरिक्षण किया।

# प्रसन्नता और भावनात्मक आरोग्यता पर जागरूकता कार्यक्रम

भावनात्मक स्वास्थ्य कल्याण के साथ समानार्थी अवधारणा है, जो जीवन के साथ एकता, संतुलन और संतुष्टि के लिए महत्वपूर्ण है। आज भी जीवन में तनाव में संतुलन बनाए रखने के लिए बहुत धैर्य और दृढ़ता तथा इच्छाशक्ति की आवश्यकता है।

इस भावनात्मक को बनाये रखने के लिए खादी और ग्रामोद्योग आयोग के क्षमता निर्माण निदेशालय ने अपने अधिकारियों के लिए ढेबरभाई हॉल में स्वास्थ्य, भावनात्मक आरोग्य पर एक कार्यक्रम आयोजित किया। अतिथि के रूप में उपस्थित श्री वीरेन्द्र सोनसारिया ने अपने व्याख्यान में भावनात्मक स्वास्थ्य, अकेलापन और इसके स्वास्थ्य संबंधी खतरों में संतुलन बनाए रखने के सम्बन्ध में व्याख्यान दिया।

उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता आयोग के संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री सत्यपाल और उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी, विपणन और प्रचार श्री के.एस.राव. ने की थी।



श्री राव ने अपनी शुरुआती टिप्पणी में इस बात पर चर्चा की कि मनुष्य कैसे अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करता है।




# आयोग मुख्यालय में प्रेस इन्फोर्मेशन ब्यूरो, पश्चिम क्षेत्र की टीम का दौरा

मुंबई, अहमदाबाद, गोवा और नागपुर कार्यालय से प्रेस इन्फोर्मेशन ब्यूरो, पश्चिम क्षेत्र की टीम ने 12 अप्रैल, 2018 को आयोग के केंद्रीय कार्यालय का दौरा किया और आयोग के उप मुख्य कार्यकारी आधिकारी और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तृत बातचीत की।

पीआईबी अधिकारियों ने निदेशक,प्रचार द्वारा किए गए पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से केवीआईसी की योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी ली और आयोग द्वारा किये गए विकास पहल के प्रचार में सभी संभावित सहयोग का आश्वासन दिया। पीआईबी टीम ने आयोग के परिसर स्थित खादी लाउंज का भी दौरा किया तथा वहां प्रदर्शित खादी और अन्य उत्पादों की सराहना की।





# संयुक्त सचिव, एमएसएमई द्वारा खंजरपुर में खादी संस्था का दौरा

**सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के संयुक्त सचिव श्री बंडला श्रीनिवास ने 14 अप्रैल, 2018 को खादी संस्था-मानव सेवा समिति, खंजरपुर का दौरा किया।**

संयुक्त सचिव, एमएसएमई ने संस्था द्वारा उत्पादित खादी और अन्य ग्रामीण उद्योग उत्पादों की सराहना की।

इस अवसर पर संयुक्त सचिव महोदय ने संस्था में करघे को चलने के लिए अपना हाथ अजमाया, और उन्होंने मानव सेवा समिति के कत्तिनों और बुनकरों के साथ बातचीत भी की।

⌘








आयोग के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री के.एस. राव की अध्यक्षता में आयोग के उप निदेशक प्रभारी, विपणन श्री आई.जवाहर और एक विपणन दल -मर्चेंट चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष और डीजी के साथ खादी को बढ़ावा देने के लिए अभिसरण पर चर्चा करते हुए।

## खनिज आधारित उद्योग के तहत पारंपरिक कुम्हारों के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण का आयोजन

आयोग के राज्य कार्यालय, पश्चिम बंगाल द्वारा 'खनिज आधारित उद्योग' के तहत पारंपरिक कुम्हारों के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 12 से 16 फरवरी, 2018 तक गंगाजलघाटी, जिला- बांकुरा, पश्चिम बंगाल में किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षित 2 0 कुम्हारों को 'पॉवर पॉटर्स व्हील', कटर और 'क्ले ब्लंगर मशीन का वितरण किया गया।



आईबीएस हैदराबाद में एमडीपी के दौरान ऑनलाइन विकास के बारे में आयोग के अधिकारियों को विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए आयोग के निदेशक(आईटी) श्री राजन बाबू।

यह प्रशिक्षण 'विश्व भारती' के विशेषज्ञ द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में 'बांकुरा इंजीनियरिंग कॉलेज' के संकाय प्रभारी ने भी भाग लिया। ⌘




आयोग की राज्य निदेशक, त्रिवेन्द्रम श्रीमती के.पी. ललिथामणि की अध्यक्षता में एक दल ने 11.04.2018 को श्री सुरेश गोपी, सांसद के कार्यालय का दौरा किया और केले का कपड़ा उन्हें उपहार के स्वरुप प्रदान किया (केला फाइबर और कपास का मिश्रित कपड़ा और केला फाइबर और रेशम का मिश्रित कपड़ा) । त्रिवेन्द्रम में आयोजित राष्ट्रीय केले उत्सव के दौरान यह केले के कपड़े बुने गए थे। ⌘



श्री डी.एस. भाटी, प्रचार्य, एमडीटीसी नई दिल्ली ने एमडीटीसी, गांधी दर्शन, राजघाट नई दिल्ली में आयोजित एनएमसी चरखा प्रशिक्षण कार्यक्रम समापन के बाद प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये।

आयोग के दहाणु स्थित गजानन नाईक बहु उद्देशीय प्रशिक्षण केंद्र (जीएनएम डीटीसी) में एक माह अवधि के मधुमक्खीपालन में फील्ड मैन ट्रेनिंग कोर्स का आयोजन किया गया । पाठ्यक्रम के समापन कार्यक्रम में सफल प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र जारी किये गये। यह दहाणु के इतिहास में पहली बार मधुमक्खीपालन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मधुमक्खी कॉलोनी और उसके प्रबंधन को बेहतर ढंग से संभालने के लिए प्रशिक्षुओं को अधिकतम व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया था।






18 अप्रैल, 2018 को केरल में प्रमुखता से शहद मिशन कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर आयोग की राज्य निदेशक, चेन्नई श्रीमती के. ललिथामणि द्वारा केरल के पंगोड में 20 एससी / एसटी लाभार्थियों को बी-हाईव और टूल्स-उपकरण वितरित किये गए।

# स्कूली बच्चों को मुफ्त यूनिफार्म

गुजरात सरकार ने गुजरात खादी बोर्ड के माध्यम से भुज जिले के लख्तर तालुका में बच्चों को पॉलीवस्त्र से बने स्कूल यूनिफार्म का मुफ्त में वितरण किया। इस अवसर पर गुजरात के माननीय मुख्यमंत्री श्री पुरुषोत्तम रुपाला, जीकेवीआईबी के अध्यक्ष और अन्य सरकारी अधिकारी मौजूद थे।






आयोग के राज्य मधुमक्खीपालन विस्तार केंद्र, कुजलिथुरई तमिलनाडु द्वारा 27 अप्रैल, 2018 को हनी प्रसंस्करण पर दूसरा जागरूकता कार्यक्रम मुडलुर, सथनकुलम, जिला-तुतुकोरीन में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में लगभग 122 महिलाओं ने भाग लिया।



09 से 13 अप्रैल 2018 तक सीकेएनएचपीआई, जयपुर आयोजित 'कंडेंस्ड ट्रेनिंग प्रोग्राम' में गाय के गोबर से हस्तनिर्मित पेपर बनाने पर शूल्स विश्वविद्यालय, इलाहाबाद के छात्र श्री दिनेश कुमार बी.टेक को प्रमाणपत्र प्रदान करते हुए श्री कुंज बिहारी, उप निदेशक सीकेएनएचपीआई जयपुर।



एमडीटीसी, दीमापुर, नागालैंड में 24 अप्रैल, 2018 को ईडीपी प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया।



12 मार्च, 2018 को महिला सशक्तिकरण समारोह में माननीय प्रधान मंत्री की विशाल उपस्थिति में श्री बलधारी सिंह, उप निदेशक, मंडलीय कार्यालय, केवीआईसी, वाराणसी को उनके कुशल नेतृत्व के लिए प्रशंसा पत्र दिया गया।



# हेमलता गाडगिल: एक पीएमईजीपी उद्यमी- फैशन के लिए वस्त्र बनाना उनका जुनून

**वृष्टि क्रिएशन की हेमलता आशीष गाडगिल की कहानी उन लोगों में से एक है जिनके पास नए या मौजूदा व्यवसाय में उतरने का साहस है और यह उद्यमी वह महिला है जो आर्थिक अनिश्चितता और समाज के सभी बाधाओं से निपट कर कुछ नया उत्पादन करने के इच्छुक है । श्रीमती हेमलता गाडगिल ने यही किया है। उसने अपने जीवन में सभी बाधाओं को तोड़ दिया और महिलाओं के फैशन डिजाईन में कुछ नया दिखाने के दृष्टिकोण के साथ एक वर्ष पूर्व अपना खुद का व्यवसाय शुरू किया ।**

उन्होंने मौजूदा बाजार का अध्ययन किया और पाया कि आयात किए गए वस्त्रों की मुंबई बाजार में बाढ़ सी आ गई है। लेकिन भारतीय होने के नाते, हेमलता ने खादी को अपने उत्पाद के रूप में चलाने की पहल की, जो कपास से बने हाथ से बुने वस्त्र हैं। इसका विनिर्माण करने के लिए कोई आधुनिक मशीनरी नहीं है।

हेमलता एक लीडर के रूप में आगे आयीं, उन्होंने सतपाल में अपन स्वयं का व्यापार करने का फैसला किया, जोकि मुंबई के उपनगर विरार से 5 किमी की दूरी पर स्थित है और उन्होंने वहां से श्रमिकों की भर्ती प्रारंभ की। प्रारंभ में, उन अकुशल श्रमिकों को प्रशिक्षित करना मुश्किल था, लेकिन हेमलता न केवल उन्हें प्रशिक्षित करने में सफल रही बल्कि अपने कर्मचारियों को आत्म-निर्भर होने के महत्व का भी अहसास कराया। आज उनके साथ 14 लोग कार्यरत्त हैं, उनमें से अधिकतर महिलाएं हैं जो कि वह इस टीम के साथ अपना कारोबार चला रही है ।

हेमलता ने वृष्टी क्रिएशन के तहत शताक्षी नामक अपना ब्रांड लॉन्च किया। वृष्टि क्रिएशन प्रोपराइटर श्रीमती हेमलता गाडगिल की देखरेख में काम करती है । शताक्षी ने खादी को एक नया रूप देने की पहल की है, बैनर पर प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के विज्ञापन को देखने के बाद ही यह विचार आया । उन्होंने इसके पश्चात खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) से संपर्क किया तथा अपने उत्पादों और सेवाओं के बारे में जागरूकता की दिशा में काम किया । उसके बाद हेमलता ने कैनरा बैंक से ऋण के लिए संपर्क किया और वास्तव में उन्होंने इस पहल के लिए उनकी सराहना की और उनके ऋण को मंजूरी दे दी। केवीआईसी और केनरा बैंक के कर्मचारियों और वरिष्ठ



अधिकारियों ने उनका और उनकी टीम का सही दिशानिर्देश किया एवं उनकी मदद की ।

अपने व्यापार के दौरान हेमलता ने यह भी महसूस किया कि व्यापार के दो प्रमुख पहलु हैं । एक योजना और उत्पादन है एवं अन्य बिक्री और विपणन है । अपने उत्पादों की बिक्री करने के लिए उन्होंने केवीआईसी प्रदर्शनी और मुंबई ग्राहक पंचायत पेठ प्रदर्शनी में भाग लिया। वह केवीआईसी की आभारी है जिसने एक बार में ही और कैनरा बैंक को 20 लाख रुपये के ऋण को मंजुरी दी, जिसने उसके सपने की परियोजना को मंजूरी दी। उन्होंने केवीआईसी को अधिक से अधिक रोजगार का सृजन करने और दूसरों की मदद करने का आश्वासन दिया । उसके बाद, उनकी टीम ने खादी परिधानों के नए और विशेष डिजाइन पेश किए। हालांकि हेमलता पूर्व से ही अपने कार्य में कुशल है लेकिन वह विपणन के लिए प्रदर्शनी का तरीका चुनती है । उनके अनुसार, प्रदर्शनी सीधे ही ग्राहक तक पहुंचने का मार्ग है और यह उन्हें ग्राहकों की एक विस्तृत विविधता



प्रदान करती है। उन्होंने ट्रेन में अपने फैशनेबल वस्त्रों की बिक्री शुरू की। हेमलता वर्तमान में खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) की सभी प्रदर्शनियों में भाग ले रही है।

भारतीय वस्त्र उद्योग लघु और मध्यम उद्यमों के लिए वृहद अवसर प्रदान करता है जो विकास, रोजगार और वृद्धि के मामले में भारतीय अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। छोटे पैमाने के क्षेत्र में काफी अवसर हैं क्योंकि इसके लिए कम पूंजी की आवश्यकता है, इसके लाभों में और अधिक लाभ सरकारी सहायता, वित्त और उपदान, कच्ची सामग्री और मशीनरी की खरीद, प्रशिक्षण, निर्यात संवर्धन आदि जैसे कारक हैं। हेमलता ने तब अपना व्यवसाय शुरू किया जब वह सिर्फ एक गृहिणी थी । उन्होंने पूरे दिन खड़े होकर काम किया तथा उन लोगों से घिरी रहती थी जो इस क्षेत्र में काम नहीं कर रहे थे, लेकिन समाज को कुछ देने के लिए हेमलता का जुनून था, उन्होंने दिन-रात मेहनत की । उनके पास नए-नए डिजाईन बनाने का जुनून और प्यार है, तो "एक उद्यमी होने का मतलब समर्पण की भावना से है, वह जानती है कि लोगों के साथ कैसे डील किया जाय ।"

इसका मतलब है कि मैं अपने आप पर निर्भर रह सकती हूं और स्वयं जीवननिर्वाह कर सकती हूं । हेमलता जब अपने खुद का व्यवसाय शुरू कर रही थी तब यह एक सुंदर, रोमांचक चुनौती की तरह लग रहा था। कम विकसित देशों या "उभरती अर्थव्यवस्थाओं" में, उद्यमिता का विचार पूरी तरह से अलग अर्थ रखता है। यह आईपीओ या अधिग्रहण के लक्ष्य के साथ एक बड़ी कंपनी बनाने के बारे में नहीं है, बल्कि, विभिन्न समस्याओं को हल करने और परिवार की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए गंभीर परिस्थितियों के बावजूद एक उद्यमशीलता की भावना उभरती है।

अपनी कहानी से प्रेरित होकर हेमलता अपनी विफलता और सफलता से अनुभव ले रही है। वह कहती है, फिलहाल, कुछ विफलता सड़क के अंत की तरह लग सकती है, लेकिन याद रखें, आज दुनिया में अनगिनत सफल पुरुष और महिलाएं हैं जो केवल सफलता का आनंद ले रहे हैं क्योंकि उन्होंने विफलता की अपरिहार्य उदासीनता को दूर करने का फैसला किया है। 'अपनी

गलतियों से सीखें, विफलता को स्वीकार करें, लेकिन अपने जुनून को फिर से बनाएं और अपने लक्ष्यों को आगे बढ़ाएं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। उनके उत्पाद श्रृंखला में शामिल हैं: टॉप एंड ट्यूनिक्स, कोटिज, स्कर्ट, शर्ट्स, अनारकली, कुर्तियां, पंजाबी सूट, ब्लाउज, प्लाज़ो, पैंट और ट्राउजर्स।

जब हेमलता ने अपना खुद का व्यवसाय शुरू किया तब ग्रामीण उद्यम के प्रमोटर के रूप में हेमलता को अपने उद्यम को स्थापित करने के लिए कई समस्याओं का सामना करना पड़ा। वित्तीय समस्या से कार्य शुरू किया, जिसमें कार्यशील पूंजी की व्यवस्था करना एक बड़ा काम था क्योंकि कच्चे माल को खरीदने के लिए पैसे की जरुरत थी चूँकि उसने क्रेडिट पर कच्चे माल लेने के लिए बाजार में कोई प्रतिष्ठा अर्जित नहीं की थी। इसी तरह अब वह कई उत्पादन परीक्षण करती है, गुणवत्ता में सुधार आदि करती है। उनके उद्यम द्वारा नीति सम्बन्धी चुनौतियों का भी सामना करना पड़ा। इसे अधिक, विपणन समस्याएं (प्रतिस्पर्धा, मध्यस्थ), प्रबंधन समस्याएं (कानूनी औपचारिकताएं, उत्पादों की निम्न गुणवत्ता, कच्चे माल की खरीद आदि) और मानव संसाधन की समस्याएं (श्रमिकों का निम्न कौशल स्तर और ग्रामीणों के नकारात्मक दृष्टिकोण इत्यादि)।

हेमलता और उनकी टीम के नविनतम विचार और क्रिएटिव दृष्टिकोण उन्हें सुंदर ढंग से तैयार पैटर्न में महिलाओं के परिधानों को डिजाइन करने में मदद करता है। अब उनकी लगभग 1 करोड़ पीस बनाने की मासिक क्षमता है। भले ही वृष्टि क्रिएशन एक टीम वर्क है लेकिन पूरी टीम का मानना है कि शताक्षी ब्रांड इस व्यवसाय को बहुत आगे ले जाएगा।

शताक्षी का उद्देश्य लोगों को नियमित रूप में खादी पहनने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु उन्हें सस्ते कीमत पर खादी उपलब्ध कराना है।

⌘⌘



# वैश्विक हुई खादी:

## दक्षिण अफ्रीका में एक वस्त्र कार्यक्रम में खादी का प्रदर्शन करने के लिए, आयोग को पहला विदेशी ऑर्डर मिला

नई दिल्ली: यह अधिकारिक रूप से जाहिर हो चुका है कि फैशन डिजाइनर गेविन राजा 20 मिनट के टेक्सटाइल इवंट को कोरियोग्राफ करेंगे, जिसका उद्देश्य - 30 अप्रैल, 2018 को जोहान्सबर्ग में सैंडटन कन्वेंशन सेंटर में एक आधुनिक शैली में खादी को प्रोजेक्ट करना था, जिसे भारत-दक्षिण अफ्रीका व्यापार शिखर सम्मेलन के दो दिवसीय समापन सत्र के दौरान 'महात्मा और मदिबा को श्रद्धांजलि' कार्यक्रम के रूप में, नेल्सन मंडेला के जन्म शताब्दी के साथ महात्मा गांधी के साथ घटित पिटमैरिट्जबर्ग ट्रेन की घटना के 125 वीं वर्ष के स्मरण में मनाए गए समारोह में आयोजित किया गया था। इतना ही नहीं, खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) को दक्षिण अफ्रीका से इस समारोह के लिए रेशम स्कार्फ युक्त 175 उपहार बक्से का विदेशी ऑर्डर मिला ।

पत्र संख्या पीआरई/पोल/202/1/2018 दिनांक 7 मार्च, 2018 के अनुसार प्रिटोरिया रुचिरा कामबोज में भारत के उच्चायुक्त ने खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष विनय कुमार सक्सेना से अनुरोध किया कि वे रेशम और मलमल सहित विभिन्न खादी वस्त्र प्रदान करें, जोकि कढ़ाईयुक्त और प्रिंटेड दोनों स्वरूपों में, फैशन डिजाइनर गेविन राजा द्वारा प्रतिबिंबित किये गये हैं । इस पत्र के मुताबिक, शिखर सम्मेलन, एक टैग लाइन 'संयुक्त राज्य द्वारा परंपरागत, समृद्धि के लिए एकीकृत' के साथ, दक्षिण अफ्रीका में पांच साल की अवधि के भीतर द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को दोगुना करने के इरादे से दक्षिण अफ्रीका में "न्यू इंडिया" प्रदर्शित करना चाहता है। पत्र में आगे उल्लेख किया गया है, कि "यह प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति जैकब जुमा द्वारा 2016 में प्रधान मंत्री के दक्षिण अफ्रीका के दौरे के दौरान स्थापित विजन का अनुपालन करना है।"

उच्चायुक्त के अनुरोध पर शीघ्र कार्य करते हुए, केवीआईसी ने वांछित वस्त्र की दोगुनी लंबाई से अधिक वस्त्र भेजे, जिसे उन्हें 24 मार्च, 2018 को दिए गए । फैशन परिदृश्य में दक्षिण-अफ्रीका के सबसे प्रसिद्ध व्यक्ति गेविन राजा ने बच्चों के अधिकारों की वकालत करने वाले यूनिसेफ के सद्भावना राजदूत के रूप में सक्रिय भूमिका निभाई है, वे वस्त्र की गुणवत्ता से बहुत संतुष्ट हैं कि उन्होंने भारत के इस महत्वपूर्ण वस्त्र के बारे में भी ट्वीट भी किया है । केवीआईसी द्वारा भेजे गए महत्वपूर्ण रेशमी वस्त्र की गुणवत्ता से प्रभावित होकर , आयोजकों ने बाद में रेशमी वस्त्र के 175 खादी उपहार बक्से की आपूर्ति करने का ऑर्डर दिया। इस ऑर्डर का कुल मूल्य लगभग 2 लाख रुपये हैं।

केवीआईसी के लिए पहले विदेशी ऑर्डर प्राप्त करने पर गौरवान्वित, अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि खादी दक्षिण अफ्रीका पहुंचने का मतलब है कि दुनिया अब आर्थिक आजादी की दिशा में आगे बढ़ रही है । "इस ऑर्डर का मौद्रिक मूल्य बहुत बड़ा नहीं हो सकता है, लेकिन यह केवीआईसी के लिए एक बड़ा मनोबल लाभ है क्योंकि इसने विश्व प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर और आयोजकों का भी ध्यान आकर्षित किया है। जब गांधीजी दक्षिण अफ्रीका पहुंचे, तो नस्लवाद और ब्रिटिश शासन के खिलाफ युद्ध शुरू हुआ था। अब, प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अपेक्षाओं पर बहुत कुछ खरा उतरते हुए, खादी आर्थिक स्वतंत्रता लाने के लिए तैयार है क्योंकि 'अहिंसा रेशम' मदिबा की भूमि में अपनी पवित्रता और आर्थिक व्यवहार्यता का प्रदर्शन करेगी।"

न केवल गांधीजी के स्वदेशी आंदोलन के शताब्दी वर्ष समारोह के एक हिस्से के रूप में, युगांडा गणराज्य के सहयोग से भारत के उच्चायोग ने गांधी विरासत स्थल युगांडा के जिन्जा में गांधी चरखा – जो केवीआईसी द्वारा उपहार स्वरूप में दिया गया है इसे 2 अक्टूबर, 2017 को स्थापित किया गया, इस दिन अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस भी है। 25 किलोग्राम चरखा उच्च गुणवत्तायुक्त सागौन लकड़ी से खादी संस्था द्वारा अहमदाबाद में बनाया गया था और यह 3.6 फुट लंबा, 1 फुट 11 इंच ऊचा और 1.5 फीट चौड़ा है । प्रथम चरखा विदेशी मिट्टी में स्थापित किया गया।

शनिवार को इंडोनेशियाई दूतावास में भारत का एक फैशन शो आयोजित किया गया था । इस प्रदर्शनी में भारतीय प्रमुख डिजाइनर रीना ढाका, चारू पराशर और वरुण भाल ने अपने खादी संग्रह प्रदर्शित किए। **

36.0° अधिकतम तापमान | 19.0° न्यूनतम तापमान | सूर्य उदय 06:06 अस्त 05:56

**बेगूसराय जागरण**

# गोबर, गोमूत्र और चरखे से करेंगे ग्रामीण भारत का विकास : गिरिराज

## बीएमपी-8 में आयोजित हुआ 15 दिवसीय खादी व ग्रामोद्योग महोत्सव



बीएमपी-8 के मैदान में आयोजित खादी एवं ग्रामोद्योग महोत्सव का उद्घाटन करते केंद्रीय मंत्री, सांसद व अन्य • जागरण



ग्रामोद्योग मेले के दौरान एक स्टाल में जांता पर आटा पीसती महिलाएं • जागरण

### राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में लगे हैं दर्जनों स्टाल

### मेरी दो वर्षों की मेहनत का फल है यह महोत्सव : डॉ. संगीता

### छिप के नहीं सामने से आइए

**जनपद जागरण**

# रोजगार का जरिया नहीं इंडस्ट्री है चरखा

## छर्रा में सर्वोदय खादी आश्रम पर समारोह में 350 महिलाओं को बांटे गए चरखा



# केवीआईसी स्टोर की जानकारी एप पर



कार्यालय संवाददाता

**मुंबई.** मुंबई समेत देश के कई हिस्सों में मौजूद खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के 4000 आउटलेट्स की जानकारी अब मोबाइल एप पर उपलब्ध होगी. एप के माध्यम से लोग केवीआईसी के आउटलेट्स के साथ उत्पादों की भी विस्तृत जानकारी हासिल कर पाएंगे. केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री गिरिराज सिंह ने मोबाइल एप लॉन्च किया.

■ गिरिराज सिंह ने कहा कि खादी के माध्यम से भारत में आर्थिक परिवर्तन लाने के प्रधानमंत्री के विजन को पूरा करने के लिए एप तैयार किया गया है. इससे देश में खादी के उपयोगकर्ताओं की संख्या में वृद्धि होगी. केवीआईसी के अध्यक्ष विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि एप लॉन्च कर विभाग ने डिजिटल इंडिया की तरफ एक और कदम बढ़ाया है.

■ एप केवल पूरे देश में खादी इंडिया के स्टोर के सटीक स्थान ही नहीं, बल्कि वहा उपलब्ध उत्पादों का भी विवरण प्रदान करेगा. अब उपभोक्ता मोबाइल पर एक क्लिक कर अपनी बहुमूल्य प्रतिक्रिया भी हमें भेज सकेंगे. एप से अब तक देश भर में 8058 आउटलेटों में से 4000 खादी इंडिया आउटलेट्स को शामिल किया है.

# चरखा चलाओ, 10 हजार कमाओ : गिरिराज

## केंद्रीय राज्य मंत्री ने आईएचबीटी पालमपुर में किया योजनाओं का खुलासा, पालमपुर में स्थापित होगा टीबीआई केंद्र

अमर उजाला ब्यूरो

पालमपुर।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम केंद्रीय राज्य मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि आईएचबीटी पालमपुर में टीबीआई केंद्र स्थापित किया जाएगा।

उन्होंने आईएचबीटी पालमपुर में आयोजित कार्यक्रम में वैज्ञानिकों और छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बुनाई के कार्य में लगे लोगों के लिए मई माह के अंत तक महत्वाकांक्षी योजना आरंभ की जा रही है। इसमें देश के पांच करोड़ लोगों को जोड़ा जाएगा।

उन्होंने कहा कि हिमाचल में भी इस कार्य से जुड़े लोगों को योजना में लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसमें लोगों को सोलर और बिजली से चलने वाले चरखे दिए जाएंगे, जिसमें वे 6 से 10 हजार रुपये प्रति माह कमा सकेंगे।

उन्होंने कहा कि देश के लगभग 22 राज्यों में ताड़ और खजूर की खेती होती है। इसमें गन्ने से 12 से 18 प्रतिशत तक मिठास अधिक होती है। उन्होंने संस्थान के वैज्ञानिकों से इसका पाउडर तैयार करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अकेले उनके हलके में ही इसके 13 लाख पौधे लगे हैं। अगर इसका पाउडर तयार किया जाता है तो प्रतिवर्ष लगभग 1500 करोड़ का कारोबार होगा। उन्होंने संस्थान में तैयार स्टीविया की सराहना करते हुए कहा कि यह चीनी से 300 गुना मीठा होता है। इसकी उत्पादन लागत भी बहुत कम है। उन्होंने कहा कि इसके उत्पादन के लिए किसानों को प्रेरित कर सुदृढ़ किया जा सकता है। इस अवसर सांसद शांता कुमार ने केंद्रीय राज्य मंत्री का पालमपुर आने पर स्वागत किया। इससे पहले आईएचबीटी पालमपुर के निदेशक संजय कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और संस्थान के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री गिरिराज सिंह और सांसद शांता कुमार ने संस्थान के प्रांगण में पौधरोपण भी किया।



केंद्रीय राज्य मंत्री गिरिराज सिंह आईएचबीटी पालमपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में पौधों को पानी देते हुए।

### पद्मश्री डा. येशी से मिलेंगे गिरिराज

मैक्लोडगंज। तिब्बती डॉक्टर एवं दलाईलामा के पूर्व निजी चिकित्सक पद्मश्री डॉ. येशी डोढेन से एक मई को केंद्रीय राज्य मंत्री गिरीराज सिंह मुलाकात करेंगे। तिब्बती संसद के डिप्टी स्पीकर आचार्य येशी फुंचोक ने बताया कि मंगलवार को केंद्रीय मंत्री डॉ. येशी से उनके क्लीनिक में मुलाकात करेंगे। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री पद्मश्री डॉ. येशी से मुलाकात के बाद तिब्बती संसद का दौरा भी करेंगे। आचार्य येशी फुंचोक ने कहा कि तिब्बत के मसले को लेकर शुरू से प्रयासरत रहे केंद्रीय मंत्री से तिब्बत की स्वायत्तता के लिए भी बात की जाएगी।

**TOI Cities** @TOICitiesNews · 5h

Delhi designers give **khadi** a global touch




Delhi designers give khadi a global touch - Times of India

timesofindia.indiatimes.com

1






CAPITAL BUZZ

# Delhi designers give khadi a global touch

Pics: Ranjit Kumar

A model walks the ramp wearing Anju Modi

An outfit from Rohit Bal's collection

A model in Payal Jain's creation

A Poonam Bhagat design

Divya.Kaushik@timesgroup.com

It has been a long time since khadi became a pitch to promote Indian textiles globally and made way for the promotion of more indigenous textiles. In the last few years, khadi has been a prominent part of major fashion events across India with the fashion fraternity and government bodies joining hands to give khadi a glam makeover. In yet another fashion show, organised by the Fashion Design Council of India (FDCI) and Khadi & Village Industries Commission (KVIC), four designers – Anju Modi, Payal Jain, Poonam Bhagat and Rohit Bal – presented their latest collections in khadi and showed how the humble fabric has become an important part of their designs. The fashion show, titled Khadi – Transcending Boundaries, was a part of the International SME Convention 2018 at NSIC Grounds. Among the guests at the event were Giriraj Singh, Union Minister of State for Micro, Small and Medium Enterprises (MSME), Arun Kumar Panda, Secretary, MSME, and many foreign delegates.

## 'WE HAD A MIX OF ETHNIC AND MODERN DESIGNS'

The idea was to create a variety of designs with the use of khadi, and the designers put up a mix of ethnic and modern designs. While talking about the show and how it promotes khadi, Sunil Sethi, President, FDCI, said, "Since we wanted to promote khadi as the fabric of the masses, we had a mix of ethnic as well as modern designs. The idea behind this show was to showcase the design possibilities with khadi. We have been working with KVIC and MSME on different initiatives and we are looking forward to more interesting collaborations for the promotion of khadi."

## CUSTOM-MADE KHADI JACKETS FOR FOREIGN GUESTS

The foreign delegates who came to attend the show will soon be receiving a special gift from KVIC – a custom-made jacket, which will be their introduction to the fabric. "We now aim to take khadi beyond India and the idea behind this event was to show people that khadi is not limited to just *kurtas*, *pyjamas* and jackets, khadi can be a style statement too. Through designer shows like these, we want to show the world how fashionable khadi can be. We plan to do much larger exhibitions and other events to make khadi popular globally," said Arun Kumar Panda.

Prahlad Kakkar

(L-R) Sunil Sethi, President, Fashion Design Council of India (FDCI), Vinay Kumar Saxena, Chairman, Khadi and Village Industries Commission (KVIC) and Giriraj Singh, Union Minister of State for Micro, Small and Medium Enterprises

Mukhtar Abbas Naqvi, Union Minister for Minority Affairs

Arun Kumar Panda, Secretary, MSME

**Delhi Times** @DelhiTimesTw... · 1h

From **khadi** in #Manikarnika and Banarasi nauvari in #BajiraoMastani to kota doriya and bandhani in #Padmaavat, Bollywood is the best advertiser of Indian textile traditions timesofindia.indiatimes.com/life-style/spo...



Deepika Padukone and 6 others



खादी ग्रामोद्योग द्वारा छर्रा में आधुनिक चरखों का वितरण
तपन शर्मा की रिपोर्ट अलीगढ खादी ...
indiafactnews.co.in

http://indiafactnews.co.in/archives/18016 4:25 PM



**Modi in Champaran: How Indigo protest birthed Civil Disobedience Movement...**
economictimes.indiatimes.c...

https://economictimes.indiatimes.com/news/politics-and-nation/modi-in-champaran-how-indigo-protest-birthed-civil-disobedience-movement/articleshow/63695123.cms 4:26 PM

जागरण

सोलर चरखा से आत्मनिर्भर बनेगी महिलाएं
सोलर चरखा के माध्यम से ग्रामीण म...
www.jagran.com

https://www.jagran.com/bihar/nawada-women-will-become-selfreliant-by-solar-charkha



**Khadi to get a modern makeover in South Africa**
Fabric to be showcased at a...
www.thehindubusinessline....

https://www.thehindubusinessline.com/news/variety/khadi-to-get-a-modern-makeover-in-south-africa/article23589956.ece 4:26 PM

**When khadi transcends boundaries**
India's leading designers Rohit Bal, Anju Modi, Payal Jain and Poonam Bhagat sh...
www.business-standard.com

http://wap.business-standard.com/article/news-ians/when-khadi-transcends-boundaries-118042400508_1.html 4:26 PM



**Khadi: All dressed up and going places**
Chairman Vinai Kumar Saxe...
www.thehindubusinessline....

https://www.thehindubusinessline.com/economy/khadi-all-dressed-up-and-going-places/article23658554

**Khadi with a designer twist | mydigitalfc**
Khadi—Transcending Boundaries" in collaboration with KVIC was presented b...
mydigitalfc.com

http://mydigitalfc.com/fc-supplements/khadi-designer-twist 4:26 PM



**DUSU and ABVP to host Khadi Sangam fashion show to promote Khadi...**
knnindia.co.in

http://knnindia.co.in/news/newsdetails/sectors/dusu-and-abvp-to-host-khadi-sangam-fashion-show-to-promote-khadi 4:26 PM



**Khadi will become popular in Streets of Dubai, Chicago, Mauritiu...**
www.apherald.com

https://www.apherald.com/Politics/ViewArticle/303290/Khadi-will-become-popular-in-Streets-of-Dubai-Chicago-Mauritius--Johannesburg-by-PM-Modi/

**When Khadi transcends boundaries**
The crowd got spellbound and the guests were mesmerized, when India's leading d...
www.millenniumpost.in

http://www.millenniumpost.in/features/when-khadi-transcends-boundaries-296112 4:26 PM



**If You Think Khadi Isn't Cool, Prepare To Fall In Love With It...**
swirlster.ndtv.com

https://swirlster.ndtv.com/style/if-you-think-khadi-isnt-cool-prepare-to-fall-in-love-with-it-1842234 4:26 PM

**Delhi designers give khadi a global touch - Times of India**
Fashion Design Council of India (FDCI) a...
timesofindia.indiatimes.com

https://timesofindia.indiatimes.com/entertainment/events/delhi/delhi-designers-give-khadi-a-global-touch/articleshow/63897311.cms 4:26 PM

Khadi India

# स्वस्थ जीवन का प्राकृतिक मार्ग



बहुमुखी एवं मनमोहक
खादी डिजाइनर परिधानों
जैसे पर्यावरणानुकुल उत्पादों का एक स्थान
खादी वस्त्र, हर्बल उत्पाद,
रसायन रहित अगरबत्तियां,
विषाणु रहित एवं एन्टी फंगल शहद,
नैसर्गिक एवं आयुर्वेदिक सौन्दर्य उत्पाद
जैसे साबुन एवं शैम्पू,
हाथ कागज एवं पारंपरिक हस्तशिल्प
तथा अन्य उत्पादों की विशाल श्रृंखला



**खादी और ग्रामोद्योग आयोग**

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार

ग्रामोदय, 3, इर्ला रोड़, विले पार्ले (पश्चिम), मुम्बई-400 056 वेबसाईट : www.kvic.org.in

**भारत में हम रोजगार सृजन करते है तथा समृद्धि बुनते हैं**

